# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-06

पंचम् (बजट) सत्र
शुक्रवार, दिनांक-05, मार्च, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 05.20 बजे अप० तक।
(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करने के उपरांत माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए सूचित किया कि विधान सभा परिसर में यत्र-तत्र मधुमक्खियों का छत्ता होने के कारण पत्रकार सहित कई व्यक्तियों को मधुमक्खियों ने डंक मार दिया है, अतएव वन विभाग के अधिकारियों को मधुमक्खियों को भगाने हेतु निदेश देने की कृपा की जाय जिसे संज्ञान में लिया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य अपने द्वारा दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना पर चर्चा कराये जाने की माँग को लेकर सदन की वेल में आ गये जिसपर आसन द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी।

### 1. आसन से नियमन:-

कार्यवाही प्रारम्भ होते ही भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना पर चर्चा कराये जाने की माँग को लेकर झारखण्ड विधान सभा की नियमावली की प्रति मुख्य सचेतक, प्रतिपक्ष को उपलब्ध कराया गया तथा आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि शून्यकाल के उपरांत तथा ध्यानाकर्षण लिये जाने के पूर्व ही कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनायें ली जा सकेगी।

### 2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

#### (i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-12

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल-02, | अ० सू०-104, श्री कुमार जयमंगल, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-106, प्रो० स्टीफन मराण्डी, | स० वि० स०। |
| (ख) अपृष्ठ कुल-02, | अ० सू०-103, श्री मनीष जयसवाल, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-105, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा, | स० वि० स०। |
| (ग) अनागत कुल-08 | अ० सू०-107 से लेकर अ० सू०-114 तक। | |

इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य अपनी माँगों को लेकर सदन की वेल में भारी शोरगुल करते रहे जिससे अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.25 बजे पूर्वा० से लेकर 12.30 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

## 3.आसन से सूचना:-

आज शुक्रवार होने के कारण आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि जो माननीय सदस्य जुम्मा अदा करना चाहते है, वे जा सकते है।

इस क्रम में माननीय सदस्य, डॉ० इरफान अंसारी ने आसन से आग्रह किया कि जुम्मे के दिन 12.00 बजे मध्या० से 02.00 बजे अप० तक कार्यवाही स्थगित की जाय।

## 4.शून्यकाल:-

आज के लिए स्वीकृत सभी शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए सम्बन्धित विभागों में लिखित उत्तर हेतु भेजे जाने के निमित्त आसन से घोषणा की गयी।

## 5.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही से राज्य में बढ़ रही उग्रवादी, अपहरण एवं बलात्कार घटनाओं, माननीय सदस्य, श्री मनीष जयसवाल तथा श्री अमित कुमार मण्डल द्वारा गोड्डा निवासी एवं हजारीबाग मेडिकल कॉलेज की छात्रा पूजा भारती की हुई मृत्यु की जाँच सी.बी.आई. से कराये जाने, माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा से राज्य में भू-माफियाओं एवं अंचलाधिकारियों सहित उच्चाधिकारियों की मिलीभगत से जमीनों की हो रही अवैध जमाबंदी एवं माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण द्वारा राज्य में बिगड़ती विधि-व्यवस्था तथा बढ़ती हुई उग्रवादी घटनाओं पर चर्चा कराये जाने सम्बन्धी दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को आसन द्वारा पढ़ा गया और सदन को अवगत कराया गया कि- चूँकि द्वितीय पालियों में वाद-विवाद के क्रम में इन विषयों पर चर्चायें सम्भव है, अतएव नियमानुकूल नहीं होने के कारण प्राप्त कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को अमान्य किया गया।

## 6.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-

माननीय सदस्य, श्री बंधु तिर्की द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसे अगले दिन के लिए स्थगित किया गया।

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य विभिन्न माँगों को लेकर सदन की वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे।)

## 7.कार्यमंत्रणा समिति के निर्णय:-

दिनांक-04 मार्च, 2021 को कार्यमंत्रणा समिति द्वारा लिये गये निम्न निर्णयों से आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया-

i- सोमवार, दिनांक-22 मार्च, 2021 को दूसरी पाली में राजकीय विधेयकों के पुरःस्थापन एवं विधायन के उपरांत कृषि बिल एवं महँगाई पर विशेष वाद-विवाद हो, लिये जावें,

ii- शेष कार्य यथावत् होंगे।

समिति की उक्त सिफारिश पर सभा की सहमति हुई।

(अन्तराल)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करने के उपरांत माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण द्वारा स्टाम्प से सम्बन्धित मामला, श्री अमर कुमार बाउरी द्वारा फर्जी जन सुनवाई को निरस्त करने

एवं माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा उपवेशिका में भीड़ हो जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया।

**8.वित्तीय कार्य:-**

वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक पर दिनांक-04.03.2021 से जारी वाद-विवाद में पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

श्री सुदिव्य कुमार,
श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री प्रदीप यादव,
श्री सुदेश कुमार महतो,
श्री सरयू राय,

(इस अवसर पर सभा की सहमति से सरकार के उत्तर पर्यन्त सदन का समय विस्तारित किया गया।)

श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री मथुरा प्रसाद महतो,
श्री भानू प्रताप शाही एवं
श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह तदुपरांत सरकार की ओर से माननीय मंत्री, डॉ० रामेश्वर उराँव द्वारा उत्तर दिया गया इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक-08.03.2020 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

रॉची,
दिनांक- 05मार्च, 2020ई०।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।